जल स्वावलंबी योजना : जल संकट वाले गांवों की दूर होगी समस्या

जल संरक्षण पर खर्च किए जाएंगे 3 .40 करोड़, जिले में जल संरक्षण की रणनीति की गई तैयार

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। गर्मी में जल संकट को दूर करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से जल संरक्षण रणनीति तैयार की गई है। इसके लिए 3.40 करोड़ खर्च किए जाएंगे। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जूझने वाले गांवों में जल स्वावलंबी योजना के तहत भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए जल संरक्षण संबंधित कार्य किए जाएंगे।

जिले के प्रत्येक विकासखंड से ऐसे एक-एक गांवों का चयन किया गया है। जहां गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। इन गांवों का भूजल स्तर गर्मी के मौसम में जिले के सामान्य जल स्तर से काफी नीचे चला जाता है। ऐसी स्थिति में जल स्त्रोत सूख जाते हैं और पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। ऐसे गांवों में सीधी विकासखंड के ग्राम पंचायत कमर्जी अंतर्गत बीछी पतेर गांव, रामपुर नैकिन विकासखंड के ग्राम पंचायत रतवार, मझौली विकासखंड के ग्राम पंचायत निधिपुरी अंतर्गत धुंआडोल, कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवानगर के अमगांव तथा सिहावल विकासखंड के ग्राम पंचायत हर्दी अंतर्गत बघौड़ी गांव शामिल है। चयनित गांवों का जल स्तर गर्मी के मौसम में नीचे चले जाने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कुएं और हैण्डपंप सूख जाते हैं। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जल स्वावलंबी ग्राम योजना के तहत चयनित ग्रामों में भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा के जल को ग्राम में ही संरक्षित करने के लिए कार्य किया जाएगा। इसके लिए 3.40 करोड़ खर्च किए जाने की तैयारी है। इन गांवों में जल जीवन मिशन के तहत भी पेयजल पहुंचाने की कवायत चल रही है लेकिन योजना का कार्य अभी प्रगतिरत है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन गांवों में वर्ष 2028 के मार्च माह तक योजना के तहत पेयजल पहुंचाने की बात कही जा रही है। जल स्वावलंबी योजना के तहत ग्रामों का चयन किए जाने के बाद जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामों का सतही सर्वे कराया गया, जिसके बाद वर्षा का जल गांव में संरक्षित करने के लिए डीपीआर तैयार कराया गया है। डीपीआर तैयार होने के बाद संबंधित गांवों में जल संरक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा।

हैण्डपंप उगलने लगे हवा

गर्मी के सवाब में आते ही संबंधित गांवों में जल स्तर नीचे खिसकने से हैण्डपंप पानी की जगह हवा उगलने लगे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बीछी पतेर में तीन हैण्डपंप हैं। जिनमें सिंगल फेस मोटरपंप डाला गया है। लेकिन इनमें पानी आना कम हो गया है। गर्मी के मौसम में ये पूरी तरह से सूख जाते हैं। रतवार गांव में कुल 32 हैण्डपंप हैं। जिसमें से वर्तमान में 27 चालू और 5 जलस्तर कम होने से बंद हैं। धुंआडोल में 10 हैण्डपंप हैं जिसमें 7 चालू हैं और 3 जल स्तर कम होने से बंद हैं। अमगांव में 19 हैण्डपंप हैं। जिसमें 14 चालू हैं और 5 जल स्तर कम होने से बंद हैं। वहीं बघौड़ी में 14 हैण्डपंप हैं जिसमें से 9 चालू और 5 जल स्तर कम होने से बंद हैं। रिपोर्ट के अनुसार गर्मी जब चरम पर आती है तो जल स्तर काफी नीचे खिसक जाता है। जिससे ज्यादातर हैण्डपंप और जल स्त्रोत सूख जाते हैं।

इन गांवों के लिए तैयार किया गया डीपीआर

विकासखंड	गांव	डीपीआर राशि
सीधी	बीछी पतेर	83 .50 लाख
रामपुर नैकिन	रतवार	79 .58 लाख
मझौली	धुंआडोल	84 .20 लाख
कुसमी	अमगांव	50 .77 लाख
सिहावल	बघौड़ी	42 .16 लाख
कुल		**340 .21 लाख**

इनका कहना है

जिला पंचायत की ओर से इस बार पेयजल संकट वाले ग्रामों का चयन किया गया है। प्रत्येक विकासखंड से एक-एक गांव जल स्वावलंबी के तहत चयनित किए गए हैं। वर्षा के जल को गांव में ही संरक्षित करने के लिए डीपीआर तैयार किया गया है। ताकि गांव का जल स्तर बढ़ाकर जल संकट को दूर किया जा सके।

त्रयंबकेश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री पीएचई सीधी

मुस्कान अभियान : नाबालिग किशोरी सुरक्षित बरामद

जमोड़ी पुलिस की बड़ी सफलता : आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। गुमशुदा बालक-बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित अभियान मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव एवं डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना जमोड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर अपहृत की गई नाबालिग किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना जमोड़ी क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी 16.04.2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी द्वारा किशोरी को शादी एवं बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन सूरत गुजरात में चिन्हित की गई। थाना प्रभारी जमोड़ी उनि. दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम तत्काल रवाना हुई। इसी दौरान आरोपी किशोरी को लेकर सूरत से लगभग 130 किलोमीटर दूर वापी पहुंच गया। सतत प्रयास एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने वापी बस स्टैण्ड से नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपी को सीधी लाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। लगभग 1350 किमी. दूर जाकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने में थाना प्रभारी उनि. दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, एसआई वर्षा यादव, एएसआई वीरभान, आरक्षक नीरज, सविता तथा साइबर सेल से प्रदीप एवं कृष्ण मुरारी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक का वक्तव्य

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने कहा कि गुमशुदा बालक-बालिकाओं की शीघ्र खोज एवं सुरक्षित वापसी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभियान मुस्कान के तहत सभी टीमों को सक्रिय किया गया है। इस प्रकरण में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई कर नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया जाना पुलिस की प्रतिबद्धता एवं पेशेवर दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

भ्रमण में कलेक्टर ने यातायात प्रबंधन व स्वच्छता व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नपा क्षेत्र में व्यवस्था सुधार के लिए दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज प्रातः सीधी नगर पालिका क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात प्रबंधन एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सड़कों पर यातायात की सुगमता, अतिक्रमण की स्थिति तथा पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने नगर में साफ-सफाई, कचरा संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा नगर पालिका अमले को निर्देश दिए कि नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और कचरे का समयबद्ध उठाव किया जाए ताकि शहर में स्वच्छता बनी रहे। इस दौरान एसडीएम राकेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ प्रिया पाठक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि शहर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है जिसके लिए निरंतर निगरानी एवं सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

हेलमेट अनिवार्यता को लेकर विशेष अभियान, बाइक रैली निकालकर दिया सुरक्षा का संदेश

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। प्रदेश स्तर पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट धारण करने की अनिवार्यता को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी

कड़ी में थाना प्रभारी यातायात उपनिरीक्षक भूपेश बैस के नेतृत्व में पुलिस लाइन सीधी से एक जागरूकता बाइक रैली निकाली गई, जिसे रक्षित निरीक्षक रक्षित केन्द्र वीरेन्द्र कुमरे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर सम्राट चौराहा, कलेक्ट्रेट तिराहा एवं सर्किट हाउस मार्ग से होते हुए पुनः पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजन को हेलमेट धारण करने एवं यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया।

प्रदेश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में अनेक अमूल्य जाने जाती हैं, जिनमें बड़ी संख्या दोपहिया वाहन चालकों की होती है। अधिकांश मामलों में हेलमेट का उपयोग न करना गंभीर चोट एवं मृत्यु का प्रमुख कारण बनता है। ऐसे में हेलमेट का उपयोग न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन भी है। अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही के साथ-साथ सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

रेलवे चौपाल : रीवा-सीधी-सिंगरौली रेलवे परियोजना के प्रभावितों की मौके पर सुनी गईं समस्याएं

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। रीवा-सीधी-सिंगरौली नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत आज जिले में चुरहट, रामपुर नैकिन, सीधी रेलवे स्टेशन तथा चंदवाही में रेलवे चौपाल का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह पहल भू-अर्जन एवं निर्माण कार्यों से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण और जनसंवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से की गई।

चौपाल में प्रभावित ग्रामीणों एवं नागरिकों ने भाग लेकर अपनी

समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं। राजस्व, रेलवे एवं भू-अर्जन से जुड़े विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे और प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का प्रयास किया गया। साथ ही जिन प्रकरणों का निराकरण तत्काल संभव नहीं था, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण के लिए दर्ज किया गया। चौपाल के दौरान भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, सीमांकन, पहुंच मार्ग एवं निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दे सामने आए। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक प्रकरण की सुनवाई कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिससे प्रभावित नागरिकों को समयबद्ध राहत मिल सके। चौपाल में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपनी समस्याएं सीधे रखने का अवसर मिला है। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का पारदर्शी एवं समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा तहसील रामपुर नैकिन के ग्राम झांझ से चुरहट तक रेलवे कार्यों का स्थल निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई थी। इसी क्रम में रेलवे चौपाल की शुरुआत कर जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

संबल योजना से जिले 466 हितग्राहियों को सहायता

सीधी 1 मई। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंत्रालय से सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना अंतर्गत प्रदेश के 27 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को लगभग 600 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल योजना के माध्यम से जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है जिससे विपरीत परिस्थितियों में उन्हें सहारा मिल सके। इसी क्रम में सीधी जिले में 466 हितग्राहियों को कुल 10 करोड़ 62 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदान की गई। इसमें जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत 123 हितग्राहियों को 2 करोड़ 82 लाख रुपए, सिहावल अंतर्गत 125 हितग्राहियों को 3 करोड़ रुपए, कुसमी अंतर्गत 41 हितग्राहियों को 98 लाख रुपए, मझौली अंतर्गत 80 हितग्राहियों को 1 करोड़ 72 लाख रुपए तथा रामपुर नैकिन अंतर्गत 75 हितग्राहियों को 1 करोड़ 64 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नपं मझौली अंतर्गत 6 हितग्राहियों को 14 लाख रुपए, नपा सीधी अंतर्गत 7 हितग्राहियों को 14 लाख रुपए, नपं चुरहट अंतर्गत 8 हितग्राहियों को 16 लाख रुपए तथा नपं रामपुर नैकिन अंतर्गत 1 हितग्राही को 2 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई।

युवा संगम के तहत एमएसएमई संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में 30 अप्रैल को रामपुर नैकिन में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) एवं स्टार्टअप इकाइयों के साथ एक प्रभावी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत पूर्व में लाभांवित एमएसएमई एवं

स्टार्टअप इकाइयों के संचालकों ने सहभागिता की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपने व्यवसाय की स्थापना की और उसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। उद्यमियों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने, नवाचार अपनाने तथा स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से नए अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया। संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। युवाओं को स्वरोजगार हेतु उपलब्ध ऋण योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही, उद्यम स्थापना के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके व्यावहारिक समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्न एवं जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। इससे युवाओं को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला और उनके भीतर स्वरोजगार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ।

लाडली लक्ष्मी उत्सव आज वृंदावन ग्राम कठौली में आयोजित होगा

कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं हितलाभ वितरण के साथ होगा सम्मान

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत वृंदावन ग्राम कठौली में 2 मई 2026 को सायं 4 बजे लाडली लक्ष्मी उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य लाडली बेटियों को सम्मानित करना, उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देना तथा शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की शुरुआत लाडली लक्ष्मी बेटियों के सम्मान में कलश यात्रा से होगी। इस कलश यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात कन्या पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा।

उत्सव के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा सामूहिक लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही लाडली बालिकाओं द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी बेटियों एवं लखपति दीदी द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएंगे, जिससे अन्य बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। उत्सव में लाडली बेटियों का सम्मान किया जाएगा तथा उन्हें लाडली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरित किए जाएंगे। यह उत्सव न केवल बेटियों के सम्मान का प्रतीक होगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण के संदेश को भी मजबूत करेगा।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेशानुसार 2 मई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के चयनित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें धौंहनी विधानसभा के ग्राम पंचायत बकवा, सीधी विस के ग्राम पंचायत कठौली, चुरहट विस के ग्राम पंचायत हनुमानगढ़ तथा सिहावल विधानसभा के ग्राम पंचायत चंदवाही शामिल हैं। इन शिविरों में नोडल अधिकारी के रूप में संबंधित क्षेत्र के सीडीपीओ एवं बीएमओ की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। शिविरों में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय तथा आयुष विभाग की संयुक्त भागीदारी रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को समेकित सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निर्देशानुसार शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य उपलब्ध शासकीय भवनों में किया जाएगा। साथ ही इन शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई जाएगी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी दी जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर रामपुर नैकिन में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की संयुक्त पहल

नवभारत न्यूज

सीधी 1 मई। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर नगर पंचायत रामपुर नैकिन में श्रमिकों एवं आम नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, शुगर सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गई। शिविर में टीबी (क्षय रोग) की जांच भी की गई, जिससे संभावित मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित हो सके। जांच उपरांत मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया।

उन्हें संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित दिनचर्या एवं रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही टीबी जैसे संक्रामक रोगों के लक्षण, जांच एवं उपचार के संबंध में भी जागरूक किया गया। आयुष विभाग द्वारा पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों एवं घरेलू उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-जैसे मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 के अंतर्गत पंजीयन एवं लाभ की जानकारी दी गई। उपस्थित श्रमिकों को योजनाओं में पंजीयन, पात्रता एवं मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया, जिससे वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें।

इस शिविर के माध्यम से श्रमिकों को स्वास्थ्य जांच, उपचार, दवा एवं परामर्श की सुविधा एक ही स्थान पर प्राप्त हुई। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों एवं उपलब्ध शासकीय योजनाओं की जानकारी भी मिली, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल हुई। कार्यक्रम के दौरान श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक ने बताया कि श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।